महिला प्रौद्योगिकी संस्थान बना इसरो का नोडल सेंटर

देहरादून (एसएनबी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कैंपस संस्थान महिला प्रौद्योगिकी संस्थान को प्रदेश का नोडल सेंटर बनाया है। सेंटर में भारत सरकार द्वारा अपने स्टार्ट-2024 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसरो ने महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के प्राध्यापक व इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डा.आशीष बगवाड़ी को सेंटर का को-आर्डिनेटर नामित किया है। इसरो द्वारा नोडल सेंटर में अप्रैल व मई में स्टार्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाइव आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आकर्षित एवं जानकारी उपलब्ध कराना है। विशेषज्ञ द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों पर

■ नोडल सेंटर में अप्रैल व मई में स्टार्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का होगा आयोजन

परिचयात्मक स्तर के विषयों के समायोजन के साथ-साथ भारतीय अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यों और अनुसंधान अवसरों पर व्याख्यान का लाइव सत्र आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, अप्लाइड साइंस, रेडियो फिजिक्स, आप्टिकल, आप्टो इलेक्ट्रनिक्स, भौतिक, रसायन समेत अन्य संबंधित विषयों की स्नातकोत्तर और अंतिम वर्ष के स्नातक के छात्र प्रतिभाग करेंगे। यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने महिला प्रौद्योगिकी संस्थान को नोडल केन्द्र बनाने पर हर्ष जताया।